## सार-समाचार

### कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सवाई माधोपुर रोड स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम आश्रम में शुक्रवार को श्री शिवशक्ति महायज्ञ की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत बैंडबाजे और डीजे के साथ कलश यात्रा से हुई। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत कथा और मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का भी आगाज हुआ। उघाडमल बालाजी मंदिर से कलश यात्रा का प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई यात्रा में करीब 1100 महिलाएं मंगल गीत गाते हुए कलश लेकर चल रही थीं। यजमान भागवत कथा को सिर पर धारण किए हुए सबसे आगे थे। युवक-युवतियां भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। संत रथ में सवार थे। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पं. अशोक दीक्षित और कथा वाचक गणेशदास महाराज अयोध्या से पधारे हैं। नवकुंडीय यज्ञ 31 मई से 8 जून तक दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। अयोध्या की मंडली द्वारा 31 मई से 7 जून तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। भागवत कथा प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगी। 7 जून को शाम 5 बजे राम और शिव बारात उघाडमल बालाजी से निकलेगी।

### शिवा एकेडमी ने फिर फहराया परचम

**करौली, (निसं)।** दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में फिर से शिवा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करौली ने फिर से परचम फहराया जिस विद्यालय के दसवीं कक्षा के 32 विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये वही 12वीं साइंस में 55 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जिनमे खास तौर से अक्षत गोयल ने 98.83 प्रति'ात अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवारजन का मान बढ़ाया है जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन ने गुरुवार को ऐसे होनहार छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर रहे। सम्मान समारोह कार्यक्रम मे उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक गुर्जर ने छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए कहां की भगवान इनको आगे और प्रगति के पथ पर पहुंचाऐ उन्होंने कहा कि इन होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन और परिवारजन ही नहीं जिले का नाम रोशन किया है इस मौके पर विधायक गुर्जर ने कहा कि ऐसे ही विद्यालयों की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों को प्रगति के पथ मार्ग की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुधीर नायर ने विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों के अब तक आए अच्छे परिणाम की जानकारी देते हुए कहा करौली जिला ही नहीं आसपास के जिलों के विद्यालयों की तुलना में हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय प्रबंधन और परिवारजन सहित जिले का नाम रोशन किया है इसी मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य अनीश नायर ने विद्यालय की व्यवस्था और विद्यार्थियों की शिक्षण व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला इससे पूर्ण सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुर्जर का विद्यालय के निदेशक सुधीर नायर सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने माला पहनाकर साफा बांधकर भव्य स्वागत किया वही अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को मुख्य अतिथि विधायक गुर्जर और विद्यालय के निदेशक सुधीर नायर ने माला पहनाकर और विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### दो दिन से पेयजल व्यवस्था ठप

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय पर जलापूर्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। गोमती कॉलोनी और ट्रक यूनियन क्षेत्र में पिछले दो दिन से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह समस्या पिछले एक महीने से चल रही है। लोग रात भर जागकर पानी का इंतजार करते हैं लेकिन नलों में पानी नहीं आता। स्थानीय निवासी वासुदेव गुप्ता,मदन मोहन और पार्षद संजीव जैन ने इस मुद्दे को उठाया है। वासुदेव गुप्ता ने बताया कि उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों और जिला कलेक्टर को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है लेकिन केवल आश्वासन मिलते हैं। जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं होती। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर एक-दो दिन के लिए पानी की आपूर्ति शुरू हो जाती है। फिर वहीं पुरानी स्थिति लौट आती है। इससे स्पष्ट है कि विभाग स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। क्षेत्र के निवासी अब जवाबदेही तय करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए उन्हें रोज संघर्ष नहीं करना चाहिए।

# कार्यशाला में उत्पाद व मानकीकरण के संबंध में अवगत कराया

**भरतपुर, (निसं)।** उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार एवं भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उपभोक्ता हित में मानकीकरण के विभिन्न आयाम विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुतोष गुप्ता एवं रिसोर्स पर्सन भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा डीडी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मानकीकरण के विविध आयामों पर वैज्ञानिक एवं उपनिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो मोहम्मद अफसर इमाम द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के उत्पादों एवं उनके मानकीकरण के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने आईएसआई मार्क, इको मार्क, हॉल मार्क एवं अन्य प्रकार के मानकीकरण के चिन्हों एवं मानकों के निर्धारण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मानकों को अपनाया जाकर किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण उत्पादों एवं निम्न स्तरीय उत्पादों में विभेद करने की प्रक्रिया, चिन्हीकरण, एचयूआईडी नम्बर के उपयोग एवं बीआईएस केयर ऐप के उपयोग की आवश्यकता एवं प्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में सोने के विभिन्न मानकों



भरतपुर में उपभोक्ता हित में मानकीकरण के विभिन्न आयाम विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

एवं उनके विवेधिकृत मानकों के संबंध में जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को बीआईएस ऐप डाउनलोड कर उसके उपयोग का भी प्रदर्शन के साथ ही सोने की जांच हेतु हॉल मार्क केन्द्रों पर जांच कराने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। कार्यशाला में डीडी गौतम रिसोर्स पर्सन भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा, श्री अनूतोष गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुभनेश पाराशर सचिव शुभ मनी फाउडेशन, बाबूलाल शर्मा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ठाहक पंचायत, योगेश दीक्षित, उर्मिद्वारा फाउन्डेशन भरतपुर एवं हरफूल बैरवा सीसीआई राजस्थान द्वारा मानकीकरण की आवश्यकता उपयोग एवं महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। डीडी गौतम ने बीआईएस से संबंधित सूचना मोबाईल फोन पर कॉल करते समय आने वाली सूचना में शामिल करने का अभिनव सुझाव दिया। उपभोक्ता के हितों की रक्षा एवं अधिकारों के उपयोग से आम जन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित उत्पाद मिलने में गुणवत्ता मार्का वाली वस्तुओं को ही उपयोग में लेने एवं जिला भरतपुर में गुणवत्ता मार्का के अभाव में किसी वस्तु के विक्रय न किये जाने के प्रावधान के संबंध में उपभोक्ताओं को सूचित किया गया। कार्यशाला में गैर सरकारी संस्थानों विभिन्न उपभोक्ता संबंधी विभागों, पुलिस विभाग, तेल कम्पनी के अधिकारियों, व्यापारियों, आगंनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निदेशक सवेरा संस्थान अनिल गोयल द्वारा कार्यक्रम में स्वंय के विचार व्यक्त करते हुए मानकीकरण की उपयोगिता को समझाया गया।

### स्थापना स्थापना दिवस मनाया

**भरतपुर, (निसं)।** सर्वशक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन का आठवां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम जयपुर स्थित पाथेय भवन, मालवीय नगर में संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराषर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नटवर लाल शर्मा भाजपा के प्रदेष पूर्व उपाध्यक्ष सुनिल कौठारी पुर्व निदेषक आषुतोष पंत अमित गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम में भरतपुर जिले से ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जती, फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया।संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराषर ने फाउंडेशन के कार्य एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संगठन का पंजीयन जरूर 2018 में हुआ है किन्तु संगठन धरातल पर करीब 20 साल से कार्य कर रहा है और आज 20 साल चले पौधे ने एक बरगद का विशाल रुप धारण कर लिया है। फाउंडेशन की ओर से समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आईएएस/आईपीएस/डॉक्टर्स, कर्मचारी नेता, जनप्रतिनिधी सीआई, पुलिस इंचार्ज सहित तीन दर्जन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया आदि मुख्य रहे।

# 35 साल से हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सूरौठ, (निसं)।** थाना पुलिस ने 35 साल से हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, डिप्टी गिरधर सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम में थाना

■ **1991 में जेल से छूटने के बाद साधू महात्मा बनकर काट रहा था फरारी**



पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रभारी महेश चंद्र मीणा, एएसआई विभिषण ,हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर, अजय कुमार, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा सूरौठ ,भरतलाल व रवि कुमार जाप्ता बयाना , भरतपुर होते हुए उत्तर प्रदेश नन्दगांव से रवाना होकर बरसाना पहुंचा जहां पर जलमहल मंदिर बरसाना में साधु के वेश में रह रहे आरोपी रणवीर सिंह पुत्र रामखिलाडी जाट निवासी ढिंढोरा, हाल पुजारी रामकिशनदासजी पुत्र प्रियासरणदासजी निवासी नई कालोनी बरसाना जिला मथुरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया, आरोपी कों पकडने के लिए 29 मई कों सीओ हिंडौन के निर्देशन में थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा ने हैंड कांस्टेबल अजय, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा व भरतलाल, कों भेजा गया जिस पर उनके द्वारा कडी मेहनत व लगन के साथ कार्य करते हुए आरोपी के वेशभूषा बदलकर रहने का सुराग लगा।

आरोपी के वहां रहने कि सूचना पर जाप्तें ने आरोपी को पकडा जिसमें आरोपी को पकड़ने में हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर कि रही मुख्य भूमिका, आरोपी गोवर्धन, बनारस (यू. पी.), जूनागढ़ (गुजरात), हिमाचल प्रदेश, हरियाणा में स्थान, बदलकर फरारी काट रहा था, आरोपी अपनी पहचान छुपाकर गाँव ढिंढोरा में कई बार अपने परिवारजनों से मिलने आ चुका है,आरोपी ने पूर्व में साधु के वेश में जगह-जगह यज्ञ व सप्ताह करवाई है, आरोपी के 25-30 व्यक्ति अनुयायी है।वांछित आरोपी नाम, पता, वेशभूषा स्थान, बदलकर फरारी काट रहा था।आरोपी को जलमहल मन्दिर बरसाना (यूपी) से साधू के वेश में 30 मई कों गिरफ्तार कर लिया गया है।

# उपकारागृह का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित ने शुक्रवार को गंगापुर सिटी उप कारागृह का निरीक्षण किया। उन्होंने जेलर सुखवीर सिंह से बंदियों की संख्या और प्रथम बार अपराध करने वालों की जानकारी ली। कारागृह में भोजन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। बंदियों से उनके मुकदमों और परिजनों से मुलाकात के समय के बारे में पूछताछ की गई। बैरकों में एग्जॉस्ट फैन लगवाने के निर्देश दिए गए।

पिछले निरीक्षण में बंदियों द्वारा बताई गई एसटीडी की समस्या का समाधान कर दिया गया है। नई एसटीडी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। कारागृह में सफाई व्यवस्था और बंदियों को दी जा रही सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के दौरान कुल 84 बंदी उपस्थित थे। दीक्षित ने प्रिजन लीगल एंड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। वहां बंदियों को दी जा रही निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता की जानकारी ली।

### पीले चावल बांटे

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने पीलूपुरा में होने वाली महापंचायत के लिए गंगापुर सिटी का दौरा किया। उन्होंने आसपास के गुर्जर बहुल गांवों में जाकर पीले चावल बांटकर लोगों को न्योता दिया। बैंसला ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने बताया कि देवनारायण योजना का क्रियान्वयन अभी तक नहीं हुआ है।

## आदिवासी बिटिया ने एवरेस्ट की चोटी से पीएम व सीएम का जताया आभार

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** आदिवासी समाज की बिटिया तुलसी मीना माउंट एवरेस्ट पहुंची, लेकिन खराब मौसम के कारण 200 मीटर पहले ही वापिस आना पडा है। तुलसी मीना ने वहीं से पूर्वी राजस्थान के लिए लाइफ लाइन कही जाने वाली ईआरसीपी की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने ईआरसीपी की क्रियान्विति को पानी वाले बाबा रामनिवास मीना की अभिनव पहल बताया है।

जयपुर जिले के जमवा रामगढ तहसील के मेदराज सिंह पुरा सीरो का बांस निवासी आदिवासी किसान देवाराम खोडा की बिटिया तुलसी मीना करीब दो माह पहले पानी वाले बाबा रामनिवास मीना से मिलीं और पर्वतारोही के रूप में अपनी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए भविष्य में दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने की इच्छा व्यक्त की। इसके लिए रामनिवास मीना ने तुलसी मीना को एवरेस्ट फतह के लिए प्रेरित किया और आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया। 28 वर्षीय युवा महिला पर्वतारोही तुलसी मीना ने बताया कि पानी वाले बाबा रामनिवास मीना का पूर्वी राजस्थान की धरती पर चंबल का पानी वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को स्वीकृत कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस कारण वे रामनिवास मीना से बेहद प्रभावित हैं। उनका कहना रहा कि वे माउंट एवरेस्ट पर जाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही थीं, लेकिन उन्हें कहीं से भी आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में रामनिवास मीना ने आगे आकर उनका हौसला बढाया और अपनी बेटी की भांति सिर पर हाथ रखकर माउंट एवरेस्ट फतह करने का आशीर्वाद दिया। माउंट एवरेस्ट जाने से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए एक पोस्टर तैयार कराया, जिसे लेकर वे एवरेस्ट फतह करने के लिए रवाना हुई। तुलसी ने बताया कि वे 9 अप्रैल को काठमांडू पहुंची और दो दिन आवश्यक तैयारियां पूरी करने के बाद एवरेस्ट के लिए रवाना हुई। उन्होंने एक मई से एवरेस्ट चढना प्रारंभ किया। हर दिन वे टीम के साथ 6500 मीटर ऊंचाई तक चढती और वापस नीचे आ जातीं। इस प्रकार धीरे-धीरे हर दिन चोटी पर चढाई की ऊंचाई बढाती गईं। वे 27 मई को एवरेस्ट फतह करने के बिल्कुल समीप पहुंच गईं, लेकिन महज 200 मीटर पहले ही मौसम के अत्यधिक खराब हो जाने के कारण पूरी टीम को वापस आना पडा। तुलसी मीना ने एवरेस्ट चोटी से वापस आने से पहले वहीं से पोस्टर दिखाते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। पोस्टर में ईआरसीपी की क्रियान्विति को पानी वाले बाबा रामनिवास मीना की अभिनव पहल बताया गया है।

युवा महिला पर्वतारोही तुलसी मीना ने पांच साल पहले 2020 में हिमाचल प्रदेश के पीर पंजाल रेंज स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक पर पहुंच तिरंगा फहराया था। इस पर्वत चोटी की उंचाई 17,348 फीट है। उस वक्त तुलसी ने दुनिया की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट फतह करने की इच्छा जाहिर की थी। माउंट एवरेस्ट की उंचाई 29032 फीट है, जो दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। गौरतलब है कि तुलसी मीना बॉक्सिंग की खिलाडी भी रही हैं। कॉलेज पढाई के दौरान तुलसी ने बॉक्सिंग की वेस्ट खिलाडी और एनसीसी की वेस्ट कैडेट का अवार्ड प्राप्त किया था।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रेलवे स्टेशन पर दे रहा निःशुल्क जल सेवा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नौतपा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में जहां लोग अपने बचाव के लिए ऐसी, कूलर का सहारा ले रहे हैं और अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं वहीं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के नौजवान सदस्य यहां रेलवे स्टेशन पर बहुत ही सेवा भाव के साथ भीषण गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर बहुत ही सेवा भाव के साथ रेल यात्रा कर रहे यात्रियों को ठंडा जल पिलाकर उनका गलातर कर रहे हैं।

रेलवे स्टेशन पर शाम को यात्री गाडियों के आगमन के समय ठंडा पानी

■ **निस्वार्थ भाव से रेल यात्रियों को पिला रहे ठंडा पानी**




गंगापुर सिटी में जल सेवा करते जैन सोशल ग्रुप के सदस्य।

पियो, ठंडा पानी भरवा लो, आओ ठंडा पानी इधर है, यह आवाज रेलवे स्टेशन पर सुनाई देना इन दोनों आम बात है । यहां शहर के कुछ नौजवान बहुत ही निस्वार्थ भाव के साथ में प्लेटफार्म पर करने वाली यात्रियों को मान मनुहार कर पानी पिलाते हैं, उनकी बोतलों में ठंडा पानी भरते हैं जिससे उनकी यात्रा सुखद हो सके। इस भीषण गर्मी के मौसम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के निशुल्क जल सेवा अभियान में प्रतिदिन लगभग तीन दर्जन सदस्य रोजाना शाम को 6 बजे से 10 बजे तक ठंडे पानी की ट्रालियों को लेकर यात्री गाडियों की सभी स्लीपर कोच एवं जनरल कोचों पर पहुंचकर यात्रियों को निशुल्क ठंडा पानी पिलाते हैं ।जल सेवा के संस्थापक नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि प्लेटफार्म पर ट्रेन केवल कुछ मिनट ही रुकती है जिससे यात्रियों के लिए कई बार यह संभव नहीं हो पता है कि वह प्लेटफार्म पर उतरकर पानी भर सके इसीलिए सभी जल सेवकों का प्रयास रहता है कि उनकी सीट पर ही खिडकियों के माध्यम से उनकी बोतलों को भरकर उन्हें शीतल जल उपलब्ध कराया जाए।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन एवं महामंत्री अभिनंदन जैन ने बताया कि प्रतिदिन शाम को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप से जुडे दर्जन और सदस्य जिनमें महिलाएं पुरुष बच्चे भी शामिल है प्लेटफार्म पर आ जाते हैं और रात करीब 10 बजे के आसपास घर लौटते हैं। इस दौरान आने वाली सोगरिया एक्सप्रेस ,नंदा देवी एक्सप्रेस ,मथुरा मेमू ट्रेन ,कोटा पटना एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस बांद्रा रामनगर एक्सप्रेस सहित सप्ताहिक गाडियो के आगमन पर ये कार्यकर्ता बहुत ही उत्साह के साथ में आवाज लगाकर जल सेवा करते हैं। यात्री भी पानी पीकर खुद को रिलैक्स महसूस करते हैं। इस जल सेवा में जैन समाज के साथ-साथ शहर की दूसरे सामाजिक संगठन एवं समाजसेवी लोग भी आकर अपने हाथों से रेल यात्रियों को जल पिलाकर खुशी महसूस करते हैं। जल सेवा के संयोजक दीपक गोयल एवं धर्मेंद्र जैन पांड्या बताते हैं कि यह जल सेवा गंगापुर सिटी में लगातार 15 वर्षो से चल रही है एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों में यह सबसे बडा मानवीय सेवा का प्रकल्प भी है। पश्चिम मध्य रेलवे में दर्जनों स्टेशनों पर सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही है जल सेवा उल्लेखनीय है कि इस वर्ष रेल प्रशासन के आग्रह पर पश्चिम मध्य रेलवे के कई दर्जन स्टेशनों पर विभिन्न सामाजिक एवं सरकारी संगठनों द्वारा गर्मी के मौसम में रेल यात्रियों के लिए निशुल्क जल सेवा संचालित की जा रही है कोटा मंडल में भी गंगापुर सवाई माधोपुर बयाना भरतपुर रामगंज मंडी भवानी मंडी कोटा विक्रमगढ आलोट बूंदी द्वारा आदि स्टेशन पर सामाजिक संगठनों द्वारा रेल यात्रियों के लिए जल सेवा अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन की कोशिश की इस भीषण गर्मी में कोई भी रेल यात्री पानी के कारण परेशान ना हो, इसके लिए रेल प्रशासन पूरा पूरा सहयोग कर रहा है।

## सार-समाचार

### भंडारे में हजारों लोगों ने पाई प्रसादी

**करौली, (निसं)।** करौली के निकट रामपुर धावाई ग्राम पंचायत स्थित गंगापुर मोड़ के पास देवनारायण भगवान और शिव परिवार, हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर हुए विशाल भंडारे में हजारों महिला, पुरुषों ने पंगत लगाकर प्रसादी ठाहण की वहीं भंडारे में जिले के दूर दराज से आए भामाशाहों ने जमकर दान स्वरूप राशि भेंट की वही क्षेत्रीय विधायक ने मंदिर भवन की चार दिवारी के लिए 20 लाख रुपए विधायक कोष से देने की घोषणा की। देखने लायक यह है कि इन दिनो जगह जगह धार्मिक आयोजनों की धूम मच रही है इसी कड़ी में गंगापुर मोड़ के पास देवनारायण भगवान के नवनिर्मित भवन में देवनारायण भगवान और शिव परिवार, हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विद्वान पंडितो के मंत्रोचारणो के बीच 9 दिन से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चले आ रहे कार्यक्रमों का गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ जिसमें करौली,हिंडौन, गंगापुर,सपोटरा सहित आसपास के क्षेत्र के महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पंगत लगाकर प्रसादी ठाहण की वहीं देवनारायण भगवान,हनुमान जी के जयकारों की भंडारे में गूंज रही उधर दूर दराज से और आसपास से आए भामाशाहों ने धार्मिक आयोजन में भाग लेकर जमकर राशि दान स्वरूप भेट की वहीं क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया जहां आयोजन कमेटी के सदस्यों और ठााम पंचायत सरपंच ने माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया इसी मौके पर क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने मंदिर की चार दिवारी के लिए 20 लाख रुपए विधायक कोष से देने की घोषणा की।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

**भरतपुर, (निसं)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर में बोर्ड प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं का सम्मान प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 12वीं कला वर्ग में गौरव कुमार विज्ञान एवं कृषि विज्ञान वर्ग में राधा राजपाल ,वर्षा प्रेम सिंह कक्षा दसवीं में राधिका, सलोनी, करिश्मा, योगेश ,हेमंत सैनी, ज्योति तेज सिंह, सनी सिंह का दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया प्रधानाचार्य ने बताया की उत्कृष्ट परिणाम छात्र एवं छात्राओं की लगन एवं मेहनत तथा विषय अध्यापकों का सही मार्गदर्शन एवं समस्त स्टाफ सदस्यों का भरपूर सहयोग एवं सकारात्मक कार्य का परिणाम है स्थानीय विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष राजपाल मीणा द्वारा समस्त छात्र, छात्राओं को आगामी कक्षाओं में और अधिक मेहनत करने हेतु प्रेरित किया एवं समाज सेवा शिविर में कार्य करने वाले छात्र छात्राओं की सराहना की इस अवसर पर किशन मीणा नंदराम मीणा दिनेश पंच व्याख्याता गिरधारी लाल नेत्रपाल सिंह दिलीप कुमार मुकेश कुमार जोशी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक महेंद्र सिंह व्यावसायिक प्रशिक्षक डालचंद भट्टाचार्य पुष्पेंद्र तिवारी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार जैन वरिष्ठ सहायक अंकित फौजदार कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह एवं अभिभावक मौजूद रहे अंत में राकेश कुमार जैन व्याख्याता द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया

### पक्षी मित्र अभियान शुरू

**करौली, (निसं)।** पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए वीर सेवा संस्थान ने पक्षी मित्र अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय ने अपने कार्यालय परिसर में परिंडा लगाकर अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य कार्य है। संस्थान के संस्थापक तरुण जैन ने बताया कि इस वर्ष जिले में 1000 परिंडे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के एक परिंडा मेरा भी अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। संस्थान के सचिव ने जानकारी दी कि पिछले 4 वर्षों में संस्था ने सवाई माधोपुर, जयपुर,अलवर और करौली जिलों में 5हजार से अधिक परिंडे लगाए हैं।

### शहीदी पर्व मनाया गया

**भरतपुर, (निसं)।** गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व मनाया गया । सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व 30 मई दिन शुक्रवार को बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया. श्री गुरु सिंह सभा भरतपुर के सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया के अनुसार इस उपलक्ष में गुरुद्वारा पाई बाग भरतपुर में चल रहे गुरमत समागम का समापन हुआ. सुबह सुखमणि साहिब का पाठ महिला सत्संगियों द्वारा किया गया. साथ ही अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई. गुरमति समागम में भाई राजेंद्र सिंह खालसा एवं भाई बलविंदर सिंह अलवर वालों नेप्रभु चरणों में कीर्तन गायन किया. गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल भरतपुर के छात्र एवं छात्राओं ने शब्द कीर्तन की प्रस्तुति दी.प्रधान सरदार इंदरपाल सिंह द्वारा इतिहास साझा किया गया.इस दिन शहर के सभी गुरुद्वारों एवं मुख्य चौराहों पर स्टाल लगा कर मीठा दूध शरबत छकाया गया. कार्यक्रम समाप्ति पश्चात अटूट लंगर सेवा हुई.इस अवसर पर सरदार अवतार सिंह संधू, टी एस बिंद्रा, सोनी सग्गू, पी डी गांधी द्वारा छबील सेवा की गई

### भाजपाईयों ने एक्सईएन से की मुलाकात

**करौली, (निसं)।** भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने करौली शहर में चल रही पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि विगत कई दिनों से गोमती कॉलोनी में पानी को लेकर कॉलोनी वासी भारी समस्या का सामना कर रहे हैं। लोगों को घर में पीने के पानी की कमी के कारण पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं तथा हैंड पंप से अपने रोजमर्रा का काम हैंडपंप से पानी खींचकर घरों पर ले जा रहे हैं। इस समस्या को लेकर जल्द विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उनको वास्तविक स्थिति से अवगत कराया तथा अधिकारी अभियंता ने शीघ्र समस्या का समाधान होने की बात कही। इस दौरान एडवोकेट जयेंद्र सिंह जादौन,मंडल महामंत्री आशीष जैन,कपिल देव पाराशर, कैलाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### मतदान केन्द्र स्थापित

**करौली, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत उपचुनाव जून में पंचायत समिति सपोटरा में पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्यांक 15 हेतु मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है जिनमें ठााम पंचायत बालोती हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कमरा नम्बर 1, 2, 3 व 4 तथा ग्राम पंचायत डिकोली कलां हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिकोली कलां में कमरा नम्बर 1 को मतदान केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया है।

### उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की

**करौली, (निसं)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले भर में स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य भवन परिसर में उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई जिसकी शुरुआत सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने स्क्रीनिंग कराकर की। सीएमएचओ ने बताया कि असामयिक मृत्यु का मुख्य कारण हृदय रोग एवं उच्च रक्तचाप है। बिगड़ते खानपान और असंयमित जीवन शैली के कारण उच्च रक्तचाप(बीपी) के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।जागरूकता अभियान में स्क्रीनिंग कर उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एंव पदेन परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशैड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद, करौली**

क्रमांक:549-53 दिनांक:- 30.05.2025

**निविदा सूचना**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से सम्बन्धित अधोहस्ताक्षकर्ता कार्यालय के कार्य क्षेत्र में वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए दिनांक 04.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक मोहर बंद निविदाऐं पंजिकृत फर्मों/ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक को तत्पश्चात गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। है। निविदा कोड WSC2526A0201 के अन्तर्गत UBN No WSC2526SSRC00349, के बिड़ दस्तावेज http://sppp.raj.nic.in से दिनांक 28.05.2025 से दिनांक 04.06.2025 को 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा कर दिनांक 04.06.2025 को दोपहर 2.00 बजे खोले जावेगे।

(कालीचरण लहरी)
अधीक्षण अभियंता एंव पदेन परियोजना प्रबंधक
वाटरशैड सेल कम डाटा सेन्टर, करौली